An Initiative of CollCom

Empowering Youth through Community Service

ISBN : 978-81-964715-7-6

Vol 9, Issue Aug 2023

# CYBER संस्कार

## साइबर अपराध के खिलाफ एक कदम




# Deep Fake Video Call Scam

प्रीतेश मिश्रा
डॉ गौरव कुमार

# साइबर संस्कार : Deep Fake Video Call Scam

**प्रीतेश मिश्रा, डॉ गौरव कुमार**

**प्रकाशक : कॉलकम**

1043/2, मेहरावाली अपार्टमेंट,
महरौली नई दिल्ली, 110030, भारत

संपर्क: +91 -9868189955

ईमेल: pr@collcom.org

वेबसाइट: www.collcom.org

© कॉलकम

प्रथम संस्करण : अगस्त 2023

मूल्य : ₹ 49

मुद्रक : कॉलकम, इंडिया

ISBN : 978-81-964715-7-6

# विषय-सूची

## Deep Fake Video Call Scam!

- वीडियो कॉल स्कैम की गहराई
- स्कैम के विभिन्न तरीके
- सच्ची घटनाओं के माध्यम से फ्रॉड को समझना
- बचने के उपाय और सत्यता की जांच के तरीके
- फ्रॉड होने पर शिकायत कहाँ करे ?










SPECIAL REPORT

# Video Call Scam! करने के नाम पर ठगी का अंबार!

WARNING

News > Man scammed out of Rs. ..

## Man scammed out of Rs. 40000 via AI-based video call on WhatsApp; know how to catch deep fakes

On July 16, Artificial Intelligence-based, deep fak technology, tools were utilized in WhatsApp vide calls, defrauding a man of Rs. 40000.

ZEENEWS

HOME LIVE TV LATEST NEWS INDIA VIDEOS STATE

## WhatsApp Nude Video Call scam: Man loses Rs 1.57 lakhs but gets back Rs 1.39 lakh; check how

नवभारत टाइम्स

NBT + गुरुग्राम पंजाब-हरियाणा राज्य चुनाव

Hindi News State Punjab And Haryana Gurgaon

## पहले न्यूड वीडियो कॉल, फिर ब्लैकमेलिंग का जाल, 4.5 लाख की वसूली... गुरुग्राम में क्राइम का ये तरीका चौंकाने वाला

Gurugram Crime News: दिल्ली से सटे हरियाणा के गुरुग्राम में साइबर क्राइम का हैरान करने वाला मामला

News > Cities > Gujarat Businessman Loses ₹ 2.69 Crore In Sex Video Call Trap: Cops

This Article is From Jan 12, 2023

## Gujarat Businessman Loses ₹ 2.69 Crore In Sex Video Call Trap: Cops

Karnataka

## A new scam on the rise: Strangers stripping on video calls to extort money

*In March 2021, a 26-year-old civil service aspirant, Avinash BS, from Bengaluru's KR Puram area, died by suicide after he was repeatedly blackmailed by extortionists.*

News / Cities / Mumbai News / Man falls prey to sextortion scam, loses over ₹ 3 l...

## Man falls prey to sextortion scam, loses over ₹3 lakh

By Gautam S. Mengle

## 74-year-old in Bengaluru loses Rs 35,000 in WhatsApp nude video call scam

Home |

Special Offer! Mint + WSJ at ₹3499 Claim Now!

Gainers & Losers
Wed Aug 23 2023 11:01:34

TOP GAINERS TOP LOSERS

| | | |
|---|---|---|
| Tata Steel share price | 118.95 | 1.19% |
| Larsen & Toubro share price | 2,706.3 | 1% |
| Axis Bank share price | 964.1 | 0.69% |
| Reliance Industries share price | 2,533.05 | 0.56% |
| Infosys share price | 1,410.1 | 0.45% |

Business News / Technology / News / AI Scam Alert! How to spot fake video calls, deep

## AI Scam Alert! How to spot fake video calls, deepfake technology to stay safe

2 min read • 02 Jun 2023, 10:06 AM IST

Alka Jain

*A man in China fell victim to an AI-driven video call scam, losing over ₹5 crore after a scammer posed as a friend using deepfake technology. The scammer convinced the victim to transfer 4.3 million yuan by using AI-powered face-swapping technology.*

## Gurugram man gets scam call on WhatsApp, faints after seeing woman undressing on video call: Full story

The victim was reportedly sitting with his father when he received a video call on

News / Cities / Mumbai News / Senior citizen from Bandra loses ₹ 17.8 lakh in 'se...

## Senior citizen from Bandra loses ₹17.8 lakh in 'sextortion' case

## अलर्ट: +84, +62, +60 नंबर से आने वाले वीडियो कॉल को हल्के में ना लें, बुरी तरह से फंस सकते हैं आप

टेक डेस्क, अमर उजाला, नई दिल्ली Published by: प्रदीप पाण्डेय Updated Wed, 10 May 2023 04:12 PM IST

**SPECIAL REPORT**



# VIDEO CALL SCAM!



बेंगलुरु में 26 वर्षीय **एमबीए छात्र बीएस अविनाश चड्ढा** ने **नेहा शर्मा** के साथ ऑनलाइन सेक्स चैट करते समय लगातार जबरन वसूली से परेशान होकर **आत्महत्या** कर ली।

Source: Time's Of India

हम प्रतिदिन टीवी, अखबारों, और विभिन्न सोशल मीडिया पर खबरों में ऐसे खबर सुनते/पढ़ते है, परंतु फिर भी ऐसे कृत्य प्रति दिन बढ़ रहे जानते है क्यों?

## क्योंकि हम साइबर अपराध के इन तरीकों से जागरूक नही हैं।





**हैलो! मेरा नाम सैम है, आज हम ऐसी ही एक स्कैम के बारे में चर्चा करने जा रहे है जो बहुत ही तेजी से बढ़ रहा है, और लोग इस जंजाल में फसकर अपने प्राण तक गवा दे रहे हैं।**

- **भारत में प्रतिदिन सेक्सटॉर्शन के 500 से अधिक मामले** सामने आते हैं (0.5% से भी कम मामले एफआईआर के रूप में दर्ज किए जाते हैं), जिससे यह (भारत) **दुनिया की सेक्सटॉर्शन राजधानी** बन गया है।
- **2021 में 652** से **2022 में 1458** तक , पुणे शहर पुलिस स्टेशनों में दर्ज **'सेक्सटॉर्शन'** मामलों की संख्या **दोगुनी से अधिक** हो गई है।


## वीडियो कॉल स्कैम क्या है ?

इस तरह की धोखाधड़ी में आपको **आमतौर पर** किसी **अनजान लड़की द्वारा सोशल मीडिया या डेटिंग एप्लीकेशन या मैट्रिमोनियल वेबसाइट के माध्यम से संपर्क** किया जाता है जो आपको एक वीडियो कॉल करने के लिए आग्रह करती है, और फिर **आपको न्यूड होकर बात करने के लिए प्रेरित** करेगी ।

**दूसरे केस** में आपको **अनजान नंबर से वीडियो कॉल** आएगा, जैसे ही आप कॉल रिसीव करते है तो **वीडियो कॉल पर लड़की आपको अपने कपड़े उतारते** हुए नजर आती है और आपका वीडियो उस लड़की के साथ 10-20 सेकंड के लिए रिकॉर्ड कर दिया जाता है।


**तीसरे केस में** आपको अनजान नंबर से **आर्टिफीसियल इंटेलेजन्स के माध्यम से वीडियो कॉल आएगा,** जैसे ही आप कॉल रिसीव करते है तो वीडियो कॉल पर आपको अपने **पुराने दोस्त या परिवार के किसी सदस्य या ऑफिस के कर्मचारी बनकर** किसी मुसीबत का बहाना देते हुए आपसे कुछ पैसे की डिमांड की जाती है। आज कल इस तरह के क्राइम **डीप फेक टेक्नोलॉजी (आर्टिफीसियल इंटेलेजन्स)** की मदद से बहुत तेजी से प्रसारित हो रहा है।

SPECIAL REPORT





# स्कैमर्स आपका नंबर कहाँ से ढूंढते हैं ?

## वेबसाइट हैक / Data Breaches





Your website has been hacked !








➤ मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ऐसा देखने को मिला की **नेटफ्लिक्स, क्रेडिट कार्ड, याहू मेल** जैसी प्रतिष्ठित वेबसाइट कुछ तकनीकी खामिया की वजह से हैक हो गयी थी, इस तरह की परिस्थिति में सारा डेटा हैकर्स के पास चला जाता है, और फिर हैकर्स **कस्टमर्स के डाटा को डार्क वेब में बेच** देते हैं। अधिकांशतः, **गैर कानूनी खरीद-फरोख्त** **डार्क वेब** पर ही की जाती है, जिसे आम जनमानस नहीं देख पाती हैं।

**Data Breach से संबंधित कुछ अपडेटेड खबरे।**

खबरों को पढ़ने के लिए आप नीचे दिए पोस्टर पर क्लिक करे







## थर्ड-पार्टी एप्प्स के इस्तेमाल से



➤ कई बार इन एप में **स्पाइवेयर और मैलवेयर छुपा दिए** जाते है, जो आपके फोन को स्कैन करते रहते हैं और बैकग्राउंड में काम करते हुए **आपकी निजी जानकारी को हैकर्स तक पहुंचाते हैं।**

SPECIAL REPORT




# स्कैमर्स आपका नंबर कहाँ से ढूढंते हैं ?

## अनजान लिंक को क्लिक करने से





हैकर्स या स्कैमर्स कई बार **ईमेल या एसएमएस के जरिए** मैलवेयर से भरे लिंक भेजते हैं। लिंक पर क्लिक करते ही आपके फोन में चुप-चाप आपकी जानकारी के बिना **संदिग्ध जासूस एप्लीकेशन इनस्टॉल** हो जाती है और आपकी सभी **व्यक्तिगत जानकारी वो चुरा लेते है**।




## अपने सोशल मीडिया को पब्लिक रखने से

सोशल मीडिया जैसे व्हाट्सएप, फेसबुक, चैट मैसेंजर और **इंस्टाग्राम एकाउंट को पब्लिक रखने से** भी आपकी व्यक्तिगत जानकारी स्कैमर चुरा लेते है।



## सोशल मीडिया का असुरक्षित होना





सोशल मीडिया पर कोई भी **सिक्योरिटी न होने** से भी आपके अकाउंट का हैक होने का खतरा बढ़ जाता है, जिससे आपके फोन नम्बर और व्यक्तिगत जानकारी स्कैमर्स के पास पहुंचने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए **सभी सोशल मीडिया अकाउंट में 2-स्टेप वेरिफिकेशन इनेबल करना जरूरी हो जाता हैं।**





# ठगी का तरीका

## विभिन्न सोशल मीडिया के माध्यम से









बड़े पैमाने पर सोशल नेटवर्किंग साइट्स जैसे की **व्हाट्सप्प, फेसबुक, इंस्टाग्राम, डेटिंग एप्लीकेशन, मैट्रिमोनियल वेबसाइट** का उपयोग करने वाले उपयोगकर्ता साइबर अपराध के खतरों से अनजान हैं। वर्तमान में स्कैमर्स ने एक नया तरीका निकाल लिया है जिसमे-




आपको अच्छी **दिखने वाली लड़की/किसी प्रख्यात व्यक्ति** (नेता/अभिनेता/अभिनेत्री) का फ्रेंड रिक्वेस्ट आता है।



आप जैसे ही फ्रेंड रिक्वेस्ट स्वीकार करते है वो आपके साथ चैट पर बात कर जल्द ही दोस्ती का हाथ बढ़ाते है, **प्यार का इजहार** करते है, और **वीडियो कॉल के लिए आमंत्रित** करते है।







वीडियो कॉल स्वीकार करते ही आप स्कैमर्स के **जाल में फँस** जाते है और फिर वहाँ से बाहर निकलना मुश्किल हो जाता है।

इस बात का ध्यान रखे की यदि आपका **सोशल मीडिया एकाउंट प्राइवेट नही हैं** (प्राइवेसी ऑन नहीं किया है ) तो साइबर स्कैमर्स आपके सोशल मीडिया प्रोफाइल को स्कैन करके आपके **परिवार और दोस्तों तक संपर्क** बना लेते है, और फिर जब आप जाने/अनजाने में स्कैमर के **हनी ट्रैप वीडियो कॉल रिसीव** करते है तो आप एक बड़ी समस्या में फँस जाते है |

**जानकार बने और सतर्क रहें |**



SPECIAL REPORT


# ठगी का तरीका

## AI Bot के माध्यम से Fake Audio/Video Call




**McAfee** के द्वारा किये गए **एक सर्वेक्षण रिपोर्ट** से पता चला है की लगभग **50%** भारतीय स्मार्टफोन यूजर ने **AI (अर्टिकिफिशल इंटिलेजेंस) वॉइस कॉल स्कैम** (Voice Call Scam) को अनुभव किया है जिसमे **लगभग 83% लोग ठगी** का शिकार भी हुए है।

इसमें **AI-Powered Face Swapping Technology (Deepfake)** का प्रयोग कर स्कैमर आपके **परिवार के सदस्य /नजदीकी सम्बन्धी/मित्र/ऑफिस कर्मचारी या किसी प्रख्यात व्यक्तियों** के **चेहरे एवं आवाज का प्रयोग** कर **मुसीबत या दुर्घटना या जरूरत जैसी झूठी परिस्थिति** बनाकर **ठगने का अनोखा प्रयास** कर रहें हैं।




Deepfakes technology

## Most Popular Platform- WhatsApp



इस तरह के क्राइम में स्कैमर आपको व्हाट्सएप पर **अनजान नंबर से वॉइस मैसेज/वीडियो कॉल** करते है, और आपको बताते है कि वो किसी मुसीबत में है, उन्हे कुछ रुपए की जरूरत है, (मुसीबत बताने के लिए कुछ इस **प्रचलित तरीकों** का प्रयोग किया जा रहा है - **मेरा मोबाइल या वॉलेट चोरी हो गया है, या मेरा बैंक सर्वर काम नहीं कर रहा है, या मेरे कार का एक्सीडेंट हो गया है, या माँ के इलाज के लिए पैसे की ज़रूरत** है।

आप उनकी बात का भरोसा कर लेते है क्योंकि वॉइस/विडियो कॉल पर **स्कैमर आपके अपने मित्र/रिश्तेदार बन कर बात कर** रहा होता है, (जिसका चेहरा और आवाज **Deepfake टेक्नोलॉजी** की मदद से बदलकर बिल्कुल आपके रिश्तेदार की तरह दिखाई और सुनाई दे रहा होता है) और उनके जाल में फँस **कर पैसे गवा** देते है।



SPECIAL REPORT

# Deepfake Technology

## (Artificial Intelligence)

## Deepfake technology क्या है ?





**डीपफ़ेक (Deepfake) टेक्नोलॉजी** से तात्पर्य **कृत्रिम मीडिया (AI-आर्टिफीसियल इंटेलिजेंस)** से होता है, जिसमें एक मौजूदा **आवाज/पिक्चर/वीडियो में एक व्यक्ति की जगह किसी दूसरे व्यक्ति की आवाज/पिक्चर/वीडियो** को इतनी समानता से लगा दिया जाता है कि उनमें अंतर करना कठिन हो जाए।

McAfee की एक रिपोर्ट बताती है कि **अधिकांश भारतीय (69%) वास्तविक मानव आवाज और AI-जनित आवाज के बीच अंतर करने में असमर्थ हैं।**




इस तरह के टेक्नोलॉजी का फायदा साइबर स्कैमर बखूबी उठा रहे है जिसमे **मशीन लर्निंग और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस** जैसी शक्तिशाली तकनीकों का उपयोग **नज़र और कान को धोखा देने हेतु दृश्य और ऑडियो सामग्री उत्पन्न करने** में काफ़ी बड़ी भूमिका रहती है।

**McAfee के एक शोध रिपोर्ट** के अनुसार किसी व्यक्ति की आवाज/उसके चेहरे को क्लोन करने के लिए **केवल तीन सेकंड के ऑडियो/वीडियो** की आवश्यकता होती है।



स्कैमर आपके छोटे-छोटे ऑडियो और वीडियो आपके **सोशल मीडिया या यूट्यूब** से आसानी से ढूंढ लेते है।



आपके ऑडियो और वीडियो को **Deepfake टेक्नोलॉजी के माध्यम से क्लोन ऑडियो/ वीडियो** बनाकर आपके रिश्तेदारों/ दोस्तों से मुसीबत का बहाना देकर **पैसे की मांग करते** है।




**SPECIAL REPORT**

# कहानी 1

## सच्ची घटना पर आधारित कहानी से वीडियो स्कैम को समझना

**1** ये कहानी है दिल्ली के एक असिस्टेंट प्रोफेसर की जो हर दिन की भाँति शाम के समय कुछ देर के लिए सोशल मीडिया स्क्रॉल करे रहे होते है तभी-




उनके व्हाट्सएप पर एक वीडियो कॉल आता है, जिसमें उन्हे कुछ ऑफर के बारे में बताया जाता है, जैसे - MacBook, I-Phone इत्यादि जैसी महंगे वस्तु कम कीमत पर बताया जाता है, जिसे खरीदने के लिए उन्हें फेसबुक पर आने को कहा जाता है।

**2** प्रोफेसर साहब कहते है ...........



मैं Facebook काफी समय से नहीं चला रहा हूँ, जो भी बातें करनी है यही करो




सर ये ऑफर्स सिर्फ फेसबुक लकी कस्टमर के लिए है, शायद ये ऑफर दुबारा न मिले। आप अपना फेसबुक तुरंत लॉगिन करे और चाट मैसेंजर पर मुझे हेलो लिख कर भेजे।



**कुछ समय बाद प्रोफेसर साहब फेसबुक मैसेंजर इंस्टॉल करते है, तभी उनके व्हाट्सएप पर एक वीडियो आता है जिसे देख प्रोफेसर साहब के पैरो तले जमीन खिसक जाती है।**

3





मैसेज में एक वीडियो होता है जिसमे एक न्यूड लड़की के साथ वीडियो कॉल पर प्रोफेसर साहब दिखते हैं।

साथ ही एक मैसेज भी आता है - "ये वीडियो मैं यूटयूब, फेसबुक, इंस्टाग्राम, ट्विटर जैसे सभी सोशल मीडिया पर और तुम्हारे दोस्तो को भी send करूंगी ।"

**स्कैमर वास्तव में प्रोफेसर साहब के कुछ मित्रों को वीडियो शेयर कर देता है, जिसका स्क्रीनशॉट उन्हें व्हाट्सएप और फेसबुक पर भेज कर पैसे की मांग करने लगता हैं ।**

4




प्रोफेसर सोच-सोच कर पसीने से लथपथ हो गए थे, समझ नहीं आ रहा था क्या करे, कुछ ही समय में एक फेसबुक से जुड़े फ्रेंड का कॉल आता है की तुम्हारा वीडियो किसी ने मुझे भेजा है।

प्रोफेसर बहुत भयभीत होते हुए अपने फ्रेंड से बात करते है, पूरी बातें बताने के बाद उसे कॉलकम से बात करके सुझाव लेने के लिए कहा जाता है। कॉलकम के द्वारा काउंसलिंग होने के बाद प्रोफेसर साहब थोड़ा समझदारी दिखाते हुए उस नंबर को व्हाट्सप्प और फेसबुक से ब्लॉक करते है, फेसबुक अकाउंट को डीएक्टिवेट करते है, और इसकी शिकायत तुरंत ऑनलाइन cybercrime.gov.in पर भी दर्ज करते है।




**प्रोफ़ेसर साहब कहते है.....**

"मैं उस वक्त बहुत ही डर गया था, मैं सोच रहा था अगर मेरे स्टूडेंट तक ये वीडियो पहुँच गया तो मेरी पूरी इज्जत मिट्टी में मिल जायेगी, मैं अपने घर वालों को क्या जवाब दूँगा, मुझे बार-बार सुसाइड के ख्याल आ रहे थे।"

# आइए इस केस से संबंधित कुछ महत्वपूर्ण बातें समझे।



## प्रोफेसर ने क्या गलती की ?

- उन्होंने अनजान नंबर से आए वीडियो कॉल को उठा लिया।
- बिना सोचे समझे वो स्कैमर द्वारा बताए गए ऑफर के लालच में फँस गए।

## प्रोफेसर ने क्या सही किया ?

- उन्होंने स्कैमर को एक भी रुपया नहीं दिया, यदि वो एक बार रुपया दे देते तो उनसे बार-बार अलग-अलग तरीको से ब्लैकमेल करके और पैसे मांगे जाते और ये प्रक्रिया चलती रहती।
- उन्होंने बिना समय गंवाए ऑनलाइन साइबर पोर्टल www.cybercrime.gov.in पर अपनी शिकायत दर्ज की।

SPECIAL REPORT

# कहानी 2



## सच्ची घटना पर आधारित कहानी से वीडियो स्कैम को समझना

ये कहानी है एक स्टूडेंट की, जो MBA के बाद UPSC की तैयारी कर रहा था। एक दिन उसे फेसबुक पर किसी अनजान लड़की का फ्रेंड रिक्वेस्ट आता है, जो देखने में बहुत ही सुन्दर और पढ़ी लिखी लग रही थी, बिना सोचे समझे वह उस लड़की से दोस्ती कर लेता है, और धीरे-धीरे रोज बाते होने लगती है | कुछ समय के बाद वीडियो कॉल से भी बात होना शुरू हो जाती है, और वह कुछ समय बाद डिप्रेशन का शिकार हो जाता है और अंत में आत्म-हत्या कर लेता है। इस कहानी से समझेंगे उस स्टूडेंट के साथ क्या हुआ, और क्यों वो डिप्रेशन का शिकार हो गया ?

1















स्टूडेंट के फेसबुक पर एक अनजान लड़की का फ्रेंड रिक्वेस्ट आता है जो देखने में बहुत ही सुन्दर लग रही थी, विदेश से पढाई पूरा किया ऐसा दिख रहा था, बिना समय गवाएं वह उससे दोस्ती कर लेता है। धीरे-धीरे बाते बढ़ने लगी, एक दूसरे ने तुरंत प्यार का इज़हार भी कर दिया।

**2**




कुछ समय बाद वीडियो कॉल से भी बात होने लगती है। बातें इतनी आगे बढ़ गयी थी की वीडियो चैट बिना कपड़ो में भी होने लगी ।

**3**







एक दिन स्टूडेंट के व्हाट्सप्प पर एक वीडियो मैसेज 15 sec का आता है जिसमे वीडियो कॉल पर लड़की और वो स्टूडेंट बिना कपड़े के दिखाई दे रहे होते हैं।




**4**

वीडियो को उसके फेसबुक फ्रेंड को भेजने और लाइफ डैमेज करने की धमकी दी जाती है, और वीडियो को डिलीट करने के लिए पैसे की डिमांड की जाती है।



**SPECIAL REPORT**

5



स्टूडेंट बहुत परेशान हो जाता है समझ नहीं आता है वो क्या करे, मैसेज पर बार-बार ब्लैकमेलिंग मैसेज भेजे जा रहे थे, कुछ पैसे वो स्कैमर को भेज देता है।




## Extortion Calls/Message



Law Enforcement Officer    Youtube Manager    Lawyer/Advocate


6

पेमेंट करने के अगले दिन उसे अलग-अलग नंबर से कॉल आने लगते है, true कॉलर के अनुसार कॉल कभी लॉ इंफोर्समेंट अफसर, तो फिर कभी यूट्यूब मैनेजर, तो कभी अधिवक्ता दिखता था, सभी एक ही बात बोल रहे थे कि तुम्हारी शिकायत आयी है, पैसे देकर शिकायत को बंद करवाओ।



7

पैसे देते-देते लोन लेने के भी नौबत आ गयी लेकिन ब्लैक-मेलिंग रूका नहीं और इससे तंग आकर वो सुसाइड कर लेता है।





**Bengaluru: MBA Graduate Dies By Suicide After Falling Prey To Sextortion On Facebook**

An MBA graduate in Bengaluru hanged himself after a group of cybercriminals extorted Rs 36,000 from him by threatening to leak his nude video footage to his friends, reports claimed

Outlook Web Bureau
07 April 2021, Last Updated at 8:02 pm

SPECIAL REPORT

# दोनो कहानियों से सीख

- दोनों कहानियों से आप समझ सकते है की इस तरह की घटना / फ्रॉड किसी भी व्यक्ति के साथ हो सकता है चाहे वो कितना भी पढ़ा लिखा हो।

- अनजान नंबर से आए वीडियो कॉल को उठाने का नतीजा इतना भयावह हो सकता है की आपके पूरे जीवनभर की कमाई इज्ज़त एक पल में खत्म।

- कोई भी अनजान व्यक्ति आपके बारे में कोई भी जानकारी न चुरा सके इसके लिए अपने सभी सोशल मीडिया अकाउंट पर प्राइवेसी को ON रखना कितना जरूरी है अभी हमने ऊपर कहानी के माध्यम से देखा अन्यथा प्रोफेसर साहब के जैसे आपके सभी फ्रेंड लिस्ट तक कोई भी स्कैमर आसानी से पहुँच सकता है।

- दूसरे कहानी में हमने ऊपर देखा की किसी भी अनजान व्यक्ति का फ्रेंड रिक्वेस्ट एक्सेप्ट करना कितना महंगा पर सकता है। सुन्दर तस्वीर देख कर भावुक न हो, बल्कि समझदार और सतर्क रहे।

- पूरी जानकारी का आभाव होने से स्टूडेंट ट्रू-कॉलर को सच मानकर स्कैमर के ट्रैप में फँसता चला गया । याद रखे ट्रू-कॉलर हमेशा सच नहीं बोलता, व्हाट्सप्प का भी प्रोफाइल पिक्चर देख कर उसे सच न माने।

- ऐसी वीडियो स्कैम होने पर हिम्मत और समझदारी से काम ले, नंबर को तुरंत रिपोर्ट करें और इसकी शिकायत www.cybercrime.gov.in पर दर्ज करें ।



**सावधान रहें, सतर्क रहें !**

SPECIAL REPORT

# कहानी 3


# AI BOT के माध्यम से FAKE VIDEO CALL




**ये कहानी है तिरुवनन्तपुरम के राधाकृष्णनन की जो सामान्य दिन की भांति अपने कमरे में बैठे रहते है तभी उनके मोबाइल पर रिंग बजती है....**



मोबाइल पर अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल आ रहा होता है।





कॉल पर उनके मित्र उन्हे अपनी कुछ समस्या बताते हुए पैसे की मांग करते है ।

**राधाकृष्णनन अपने मित्र की समस्या सुनते ही उन्हें पैसे उनके द्वारा दिए एकाउंट में भेज देते है। कुछ देर बाद उनके मोबाइल पर पुनः एक संदेश आता है।**




दोबारा पैसे मांगने पर राधाकृष्णनन को संदेह होता है, और वो अपने मित्र के वास्तविक नंबर पर कॉल करता है।



और उन्हें पता चलता है की उनके साथ स्कैम हो गया, वो कॉल उनके मित्र ने नहीं बल्कि, एक AI Bot की मदद से किया गया था।

SPECIAL REPORT

# AI BOT के माध्यम से FAKE VIDEO CALL

तो अभी आपने देखा कैसे वर्तमान समय में AI Tool का इस्तेमाल अब धोखाधड़ी, झूठी जानकारी फैलानें और पहचान चुरानें जैसे दुर्भावनापूर्ण उद्देश्यों के लिए लोगों का प्रतिरूपण करने के लिए किया जा रहा है, आइए समझते है की कैसे AI स्कैम से सुरक्षित रहें ?





## AI आधारित प्रतिरूपण जोखिम की पहचान कैसे करें ?

**आपको जब भी किसी अज्ञात नंबर से वीडियो कॉल अथवा कोई वीडियो भेजा जाता है तो आप निम्न बातों का ध्यान रखे -**

- अगर आप गौर करें तो नकली वीडियो की गुणवत्ता आमतौर पर खराब होती है और आपको थोड़ा धुंधला नज़र आएगा।
- वीडियो में दिखाई दे रहे व्यक्ति के हाव-भाव अर्थात उसके आंखों, ओंठो, चेहरे की गतिविधियों को ध्यान से देखें ।



ये सभी हरकतें आपको एक सामान्य व्यक्ति से अलग दिखाई देगी, जिससे आप आसानी से समझ पायेंगे की ये एक फेक-कॉल/वीडियो हैं।



**SPECIAL REPORT**

# साइबर सुरक्षा टिप्स

## व्हाट्सएप पर आए अनजान इंटरनेशनल नंबर से कॉल को न उठाए।






प्रतिपल सतर्क रहे, अनजान इंटरनेशनल नंबर से आए कॉल/वीडियो कॉल कभी न उठाए अन्यथा आप ठगी के शिकार हो सकते हैं। बिल्कुल इनकी तरह।

https://zeenews.india.com/personal-finance/whatsapp-nude-video-call-scam-man-loses-rs-1-57-lakhs-but-gets-back-rs-1-39-lakh-check-how-2532720.html


SPECIAL REPORT

# साइबर सुरक्षा टिप्स




## अनजान नंबर से आये इंटरनेशनल कॉल/ स्कैम कॉल और घोटाले की तुरंत रिपोर्ट करे







चैट खोलें जिसको आप रिपोर्ट करना चाहते हैं।




नंबर को रिपोर्ट करें ।




अंत में, फिर उस नंबर को ब्लॉक कर दें।

SPECIAL REPORT



# साइबर सुरक्षा टिप्स

**Bank details** जैसे OTP, CVV, customer ID, UPI pin इत्यादि किसी भी व्यक्ति चाहे वो बैंक का कर्मचारी ही क्यों न हो, के साथ **साझा न करे।**







# साइबर सुरक्षा टिप्स


## Two-factor authentication (2FA) अवश्य लागू करे।




### लागू करने के लिए विभिन्न चरणों का पालन करे:





# साइबर सुरक्षा टिप्स



**यदि कोई भी संदेश आपको प्राप्त हो जो आवश्यक भी लगे परंतु संदेहजनक भी लगे तो आप कॉलकम से संपर्क कर उसकी जानकारी ले सकते है।**

collcommunity

620 Posts | 1,083 Followers | 283 Following

CollCom
Non-Governmental Organization (NGO)
CollCom is a registered youth organization certified with 12A and 80G. We support & give training to strengthen NSS units.
forms.gle/N6p53RdeHQ9GVKZW8

Follow | Message



आपको यहाँ से अपने शंकाओं का समाधान मिल सकता है और साथ ही आप हमारे साथ मिलकर लोगो को सशक्त और जागरूक बनाने के लिए भी वालंटियर या इंटर्न बनकर काम कर सकते है ।

**Join us as a Volunteer or Intern, Type Join and send it on WhatsApp**

**+91-9868189955**

SPECIAL REPORT

# नि:शुल्क ऑनलाइन साइबर प्रशिक्षण




- आजकल इसी प्रकार से अनेकों साइबर अपराध तेजी से प्रसारित हो रहे, जिसे देखते हुए हमने आपके लिए बिल्कुल फ्री में साइबर प्रशिक्षण महा-अभियान चलाया है जिसमे आप ऐसे साइबर अपराध से बचने के तरीको के बारे में सीख पाएंगे।

- साथ ही एक आकर्षक सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा।



यदि आपने अभी तक इस प्रशिक्षण में भाग नही लिया तो एक बार अवश्य ले।

- हिंदी में साइबर प्रशिक्षण- https://forms.gle/AJajaozGwTjLPExC7

- Cyber Training in English- https://forms.gle/8LyAQPWPucn8LHir8

**SPECIAL REPORT**

# फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?

यदि आप इस तरह के फ्रॉड के शिकार हो जाते है तो तुरंत ही आप सभी chat, भेजे गए डॉक्यूमेंट, और भेजे गए पैसों के स्क्रीन शॉट के साथ www.cybercrime.gov.in or 1930 पर संपर्क कर घर बैठे बैठे अपनी शिकायत दर्ज करे । ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने के लिए आपको साइबर पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत नहीं होती है ।








शिकायत दर्ज करने के लिए यहां क्लिक करे और आगे के चरण का अनुसरण कर अपनी शिकायत दर्ज करे।

**SPECIAL REPORT**

# UPI पेमेंट फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?


## UPI के माध्यम से यदि फ्रॉड हो या गलती से किसी अन्य के UPI पर पैसे चले जाए तो उस स्थिति में आप विभिन्न चरणों का पालन कर अपने पैसे पुनः प्राप्त कर सकते है।
















**Step 1**- गूगल पर NPCI लिखकर सर्च करे, और वेबसाइट www.npci.org.in पर क्लिक करे।

**Step 2**- अब आप NPCI की होम पेज पर है, नीचे स्क्रॉल करे और consumer पर क्लिक करे।

**Step 3**- अब UPI पर क्लिक करे।

**Step 4**- नीचे स्क्रॉल करे और complaint के अंतर्गत Transaction वाले ऑप्शन पर क्लिक करे।

**Step 5**- अपने समस्या के अनुसार विवरण भरे । और सबमिट बटन पर क्लिक करे।



* शिकायत विलम्ब से होने की स्थिति में पैसा वापस मिलना मुश्किल हो सकता है।

SPECIAL REPORT

# ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने में समस्या आये तो उस स्थिति में क्या करे ?

**अगर आपको ऑनलाइन शिकायत करने में समस्या आती है तो आप अपने शहर के नजदीकी साइबर सेल (साइबर थाना या पुलिस थाना) में भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है ताकि आपको जल्द से जल्द समाधान मिल सके।**



collcom

Empowering Youth through Community Service




## सावधान रहें सुरक्षित रहे!

## अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ इस मैगज़ीन को शेयर जरूर करे।

**हमसे लगातार साइबर अपडेट्स पाने के लिए इस QR कोड को स्कैन कर, और हमारे आधिकारिक चैनल/ग्रुप को सब्सक्राइब करे।**

SUBSCRIBE

WhatsApp

Telegram

Click to Check Out some interesting video on YouTube

https://www.youtube.com/@collcom

For volunteering, Type **Join** and Send it on **WhatsApp +91-9868189955**

collcom
Empowering Youth through Community Service

(Registration Number-1710, Under Indian Trust Act 1882)
Certified Under 12A and 80G of Income Tax Act 1961

| collcommunity
www.collcom.org

# संस्थापक के बारे में




## DR GAURAV KUMAR

(Founder and Director of CollCom, Asst Prof at Bennett University, Greater Noida)

डॉ गौरव वर्तमान में बेनेट विश्वविद्यालय (टाइम्स ग्रुप), ग्रेटर नॉएडा, उत्तर प्रदेश में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं । वह एक सामाजिक उद्यमी और CollCom (कॉलेज कम्युनिटी सोशल वेंचर) के संस्थापक और राष्ट्रीय सेवा योजना बेनेट विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी भी है। डॉ कुमार हमारे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से कंप्यूटर विज्ञान में एम.टेक और पीएचडी पूरी की है। अपनी शिक्षा के दौरान, वह सामाजिक गतिविधियों में काफी सक्रिय थे जैसे स्लम बस्ती में बच्चों को पढ़ाना, Waste मैनेजमेंट, वृक्षारोपण अभियान, रक्त दान, स्वास्थ्य, योग और फिटनेस के लिए सभी को जागरूक करना जैसे विषय पर काफी काम किया है ।

उनके इस अथक प्रयास के लिए उन्हें विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक पुरस्कार और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी (बेस्ट वालंटियर अवार्ड) का पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। कोविड के समय में डॉ कुमार शांत नहीं बैठे । उन्होंने प्लाज्मा और ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए लोगों की मदद करने का काम शुरू किया। उन्होंने देखा की हर व्यक्ति, बच्चे से लेकर बूढ़े तक, सभी लोग अपने दैनिक कार्य करने के लिए इंटरनेट पर निर्भर होते जा रहे है। जल्द ही, उन्हें इंटरनेट की दुनिया में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के बारे में जागरूकता की कमी के महत्व का एहसास हुआ। उन्होंने साइबर अपराध जागरूकता पर एक मेगा अभियान शुरू किया। उन्होंने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों (ऑफ़लाइन और ऑनलाइन) का दौरा करना शुरू किया और साइबर अपराध जागरूकता पर 35 से अधिक कार्यशालाएँ की । उन्होंने एक छोटा और बहुत ही अभिनव ऑनलाइन सेल्फ गाइड साइबर क्राइम अवेयरनेस ट्रेनिंग मॉड्यूल विकसित किया, जिसमें अभी तक 52,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए ।

उनका लक्ष्य अगले दो वर्षों में हमारे देश के 10 लाख लोगों को इंटरनेट की दुनिया में सशक्त बनाना है।

# संपादक के संदेश..



## MR. PRITESH MISHRA

(National Coordinator, CollCom)

किसी व्यक्ति के साथ फ्रॉड होने का अर्थ ये कदापि नहीं है की वो शिक्षित नहीं है, केवल सीधा सा अर्थ है वो उस बात से अनभिज्ञ/जागरूक नही था । अतः फ्रॉड होने के स्थिति में आप सबसे पहले ज़रा भी न घबराए, परिवार वाले डाटेंगे या मित्र क्या कहेंगे ? ये कदापि न सोचे या कोई भी गलत फैसला न ले, समय रहते यदि आप शिकायत दर्ज करवा देते है तो आपके पैसे मिलने के अवसर बढ़ जाते है ।

अब तो RBI के दिशा निर्देश के अनुसार आप फ्रॉड होने के तुरंत बाद यदि अपने संबंधित बैंक में शिकायत दर्ज कराते है तो वो 90 दिन के भीतर ही आपकी समस्या सुलझाने का प्रयास करते है। परंतु आप को यहां तक पहुंचने की आवश्यकता ही क्या है, बस थोड़ी सी सावधानी के साथ आप अपने और अपने से संबंधित लोगों को साइबर अपराध से बचा सकते हैं ।

एक फ्रॉडस्टर आपसे OTP और pin को निकलवाने के विभिन्न तरीके अपनाता है, आप देखेंगे कि अंततोगत्वा वो आपसे पैसे की मांग करते है, चाहे वो रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में हो या कंपनी से जुड़ने के आईडी कार्ड बनानी हो, बस आपको यही समझना है की किसी भी नौकरी से जुड़ने के लिए किसी भी प्रकार से पैसे देने की आवश्यकता नहीं होती है ।

समय-समय पर आपको साइबर से संबंधित जानकारी हम अपने ऑफिशियल वेबसाइट/सोशल मीडिया/यूट्यूब वीडियो के माध्यम से साझा करते रहेगें ।

जागरूक रहें, सुरक्षित रहें !

# सलाहकार सदस्य



**Dr Anil Kumar Singh**
( Asst. Professor, Jawaharlal Nehru University)



**Shri Anshumali Sharma**
(Ex-State Liaison Officer (SLO) NSS, Uttar Pradesh)



**Dr. Sanjeev Sharma**
(Associate Professor, JNU, New Delhi)



**Shri Gautam Kumar**
(Executive Engineer, WRD, Govt of Bihar)



**Shri Amrish Kumar Niranjan**
(Youth Assistant, NSS, Delhi)



**Shri Sintoo Kumar**
(TGT Teacher, Govt of Delhi)



**Shri OP Mishra**
(Entrepreneur and Director of Jetex Infotech)



**Shri Ranjan Kumar**
(Senior Product Manager, Microsoft)

# कार्यकारी सदस्य



**Dr Gaurav Kumar**
(Founder and Director, CollCom)



**Mr Priteesh Kumar**
(Asst. Director-Collaboration, CollCom)



**Shri Satya Mishra**
(Asst. Director-Marketing, CollCom)



**Mr Pritesh Mishra**
(National Coordinator, CollCom)



**Mr Sumit Kumar**
(State Coordinator, CollCom)



**Ms Shweta Kumari**
(Social Media Head, CollCom)

WWW.COLLCOM.ORG

# मैगज़ीन के पिछले संस्करण

## July,2023




## June,2023




## May,2023




## April,2023





## March,2023




## FEB,2023




## JAN,2023




## DEC,2022




किसी भी मैगजीन को पढ़ने के लिए उस मैगजीन पर क्लिक करे।

**पढ़ने के बाद अपना सुझाव अवश्य दे।**

https://g.page/r/CZmEUz-HXMeOEAI/review

